<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- अयोध्या के दीपोत्सव में पच्चीस लाख से अधिक दीप जलाने का बना विश्व रिकार्ड। सरयू तट पर ग्यारह सौ बटुक और एक सौ सत्तावन संतों ने एक साथ महाआरती कर बनाया कीर्तिमान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने दीपोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित। मुख्यमंत्री ने कहा– डबल इंजन सरकार ने पूरा किया अपना वादा।
- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये नाम वापस लेने की अंतिम तिथि कल हुई समाप्त। पांच प्रत्याशियों ने वापस लिये नाम। अब मैदान में हैं कुल नब्बे प्रत्याशी।
- प्रदेश में आज श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनायी जा रही दीपावली। प्रदेश सरकार ने दीपावली पर घोषित किया दो दिन का अवकाश।

**********

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में कल भव्य दीपोत्सव मनाया गया। इस दीपोत्सव में राम की पैड़ी सहित सरयू नदी के पचपन घाटों पर पच्चीस लाख से अधिक दीप जलाये गये। दीप प्रज्ज्वलन का यह रिकार्ड गिनिज बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही सरयू तट पर एक साथ 1100 बटुक और 157 संतों द्वारा 15 मिनट तक महाआरती कर एक नया कीर्तिमान भी बनाया गया। एक रिपोर्ट हमारे प्रतिनिधि की–

***रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद पहले दीपोत्सव ने आखिरकार दो–दो कीर्तिमान एक साथ स्थापित कर दिया,1121 लोगों के एक साथ सरयू आरती करने को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है और इसी के साथ पिछले वर्ष का दीप प्रज्वलन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 25,12,585 दीपकों के प्रज्वलन ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक नया कीर्तिमान दर्ज करा लिया है,गीनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के दल के नेतृत्व कर्ता प्रवीण पटेल और निश्चल बारोट ने इस आशय की घोषणा की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के साथ ही डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रतिभा गोयल को प्रमाण पत्र दिया। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या***

इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की मौजूदगी महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने अयोध्या के विकास के लिये कई कदम उठाये हैं, जिसके बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**आज अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बना दिया गया है। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना पूरे देश की कनेक्टिविटी अयोध्या के साथ जुड़ी एवरेज 1,00,000 श्रद्धालु वर्तमान में है और पीक में यह 5 लाख और कभी कभी यह 35 लाख तक यह पहुंचाता है।**

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस दीपोत्सव पर हम संकल्प लेंगे कि भगवान राम के आदर्शो को वापस लाकर भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाये।

***ये दीपोत्सव निश्चित रूप से हम सबके लिये संकल्प का दिन है कि हम भगवान श्रीराम के उस सुशासन को वापस स्थापित करेंगे। भगवान श्रीराम के आदर्शो का शासन स्थापित करके, इस देश को विश्व का सबसे शक्तिशाली, सम्पन्न और सामर्थशाली देश बनायेंगे, लेकिन भारत की शक्ति भारत का सामर्थवान होना उसका उद्देश्य विश्व कल्याण है और विश्वकल्याण के लिये जो प्रमाण है ये निश्चित रूप से भारत को विश्व गुरू के रूप में प्रतिस्थापित करेगा।***

कल के दीपोत्सव में अयोध्या में रंग–बिरंगी रोशनी युक्त 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन किया गया। इस शो के जरिए प्रभु राम, लक्ष्मण और हनुमान जी के चित्रों का प्रदर्शन किया गया।

**********

प्रकाश पर्व दीपावली आज पूरे देश में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। दीप पर्व को देखते हुए आज सुबह से ही दुकानें खुल गयीं हैं और लोगों ने अपने–अपने घरों में साफ–सफाई और सजावट शुरू कर दी है। शाम ढ़लते ही दीयों और मोमबत्तियों की रौशनी जगमगा उठेगी। भवनों पर सजे बिजली के आकर्षक झालर जल उठेंगे। सभी स्थानों पर देर शाम सुख सम्पत्ति और धन की देवी माता लक्ष्मी तथा विघ्नविनाशक भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना की जायेगी। दीपावली पर्व की तैयारी के लिए कल देर रात तक लोगों ने बाजारो में खरीददारी की। पर्व से जुड़ी वस्तुओं की दुकानों पर लोगों की भीडभाड़ देखी गयी। इस बीच कल

छोटी दीपावली पर लोगों ने अपने–अपने घरो के सामने दीए जलाए। कल ही नरक चतुर्दशी, हनुमान जयंती तथा काली चतुर्दशी भी मनायी गयी। उधर दिवाली के अवसर पर किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। इसके अलावा सभी अस्पतालों में बर्न यूनिट को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिये कल नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। कल मीरापुर, सीसामऊ और कटेहरी से 1–1 और कुंदरकी सीट से 2 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए हैं। नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। चुनावी मैदान में अब जो उम्मीदवार बचे हैं, उनमें मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट से 11, सीसामऊ पर 5, कुंदरकी से 13, , गाजियाबाद सीट पर चौदह, मझवां सीट पर तेरह, फूलपुर से 12, कटेहरी सीट पर 11, करहल पर सात और खैर विधानसभा सीट पर पांच प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं चुनाव आयोग ने प्रदेशभर की वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण का अभियान एक दिन पूर्व से शुरु कर दिया है। आयोग उप चुनाव वाली 9 सीटों के मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम बाद में घोषित करेगा।

**********

नीट यूजी दो हजार चौबीस के तहत चौथे चरण में एमबीबीएस और बीडीएस कोर्स में आवंटित सीटों पर कल से अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू हो गया है, जो पांच नवम्बर तक जारी रहेगा। इस चरण में सीट छोड़ने वाले अभ्यर्थियों को अगले वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया जायेगा। यह अभ्यर्थी वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस की एमबीबएस और बीडीएस कोर्स की प्रवेश काउंसिलिंग में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

**********

दिवाली और छठ पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेने चलाने की घोषणा की है। भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेलवे ने त्यौहार के लिए यह ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक एस एम शर्मा ने बताया कि दिल्ली से चलने वाली 35 ट्रेनें लखनऊ मंडल से होकर गुज़रेंगी।

***लखनऊ से करीब 35 गाड़ियां अप और डाउन में आ रही है, जिमें 28 गाड़िया लखनऊ के थ्रू पास करती है, बाकी जो है शरगंज, बनारस और जौनपुर के थ्रू 7 गाड़िया, पास कर रही है। इसके अलावा हमने कुछ स्पेशल ट्रेन प्लान की हुई जो चल रही है, 5 लखनऊ से एक बनारस और एक अयोध्या से ये हम लोग चला रहे है और बनारस भटिंडा ये रेगुलर हमारी एक स्पेशल ट्रेन चल रही है, ताकि हम काउड को कम कर सके अभी हम एक वंदे भारत, छपरा के लिये चला रहे है। ये सारी ट्रेन हमारी चल रही है। पूरा विश्वास की सारे पैसेंजर आराम से हम डील अगर वेटिंग लिस्ट बढ़ रही है तो उस डायरेक्शन में काम करेंगे।***

इसके अलावा त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी संख्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भी रेलवे ने अनेक कदम उठाए हैं। इसके लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाए गए हैं। वहीं यात्रियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें, पूछताछ काउंटर, खानपान सेवाएं, पीने का पानी और मोबाइल शौचालय भी स्थापित किए गए हैं।

**********

दीपावली और छठ के त्योहार को देखते हुए राज्य सरकार ने निराश्रित महिलाओं के खाते में उनके पेंशन की तीसरी किस्त भेज दी है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत इस योजना की तीन तिमाही किस्तों में पेंशन राशि का वितरण किया गया है। तीसरी तिमाही में लगभग 29 लाख लाभार्थियों के खातों में लगभग 90 लाख से अधिक की धनराशि भेजी गई है। पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत वे महिला लाभार्थी शामिल हैं, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख रुपये से अधिक नहीं है।

**********

राज्य सरकार ने प्रदेश में दिवाली के अवसर पर दो दिन की छुट्टी घोषित कर दी है। सरकार की तरफ से पहले एक दिन की छुट्टी घोषित थी, लेकिन तिथियों को लेकर असमंजस की स्थिति में राज्य सरकार ने एक नवम्बर को भी अवकाश घोषित कर दिया है। सरकार की तरफ से कल इस संबंध में एक शासनादेश जारी कर दिया गया है।

**********

वाराणसी के बाबू आर.एन. सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कल छोटी दीपावली के अवसर पर विश्व शान्ति के लिये विभिन्न खेलों के पांच सौ खिलाड़ियों ने पचास हजार दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया। आयोजन के बाद जिला ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष डॉक्टर ए.के. सिंह ने बताया कि इस समय विश्व में कई स्थानों पर युद्ध चल रहा है, इसे समाप्त करने के आह्वान के लिये खिलाड़ियों ने दीपोत्सव का आयोजन किया।

**********